शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी (छत्तीसगढ़)

# ACTIVITY ALBUM
# (2020-21)

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण– गंदगी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 08 से 15 अगस्त 2020 तक महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री आर.के. राठौर के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक 11/08/2020 को ग्राम – छिपली में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। दिनांक 13/08/2020 को आयोजित ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता में कु. मंजुलता बी.एससी. द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, सचिन एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान तथा कु. काजल खत्री बी.ए. तृतीय वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। उपरोक्त विषय की जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के कार्यक्रम प्रभारी प्रो. आर.आर मेहरा द्वारा दिया गया।



:: शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वनस्पतिशास्त्र विषय में पी.जी. कोर्स स्वीकृत::

छत्तीसगढ़ शासन उच्च विभाग द्वारा सत्र 2020–21 से शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय, नगरी में स्नातकोत्तर स्तर पर 01 नवीन विषय (वनस्पतिशास्त्र) एवं 01 सहायक प्राध्यापक के अतिरिक्त पद की स्वीकृति प्रदान की गई है। तदनुसार सत्र 2020–21 से महाविद्यालय में एम.एससी.–वनस्पतिशास्त्र की कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। एम.एससी. कक्षा हेतु 20 सीट की स्वीकृति प्रदान की गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त विषय के लिए आवेदन प्रेषित किया गया था। साथ ही सिहावा क्षेत्र की माननीय विधायक एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी ध्रुव इसके लिए विशेष प्रयासरत थी। नवीन स्नातकोत्तर विज्ञान विषय की स्वीकृति से आस–पास के ग्रामीण अंचल के छात्र–छात्राओं को विशेष लाभ होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने इस हेतु शासन एवं जनभागीदारी समिति का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी श्री आर.के. राठौर प्र.प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय, नगरी ने दी है।

# सद्भावना दिवस पर शपथग्रहण

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 20.08.2020 को सद्भावना दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री राजकुमार राठौर द्वारा छात्र–छात्राओं तथा अधिकारी/कर्मचारियों को सद्भावना शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो. जयेश करंजगांवकर, प्रो.राजाराम मेहरा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, प्रो.संतूराम दर्रो, कर्मचारीगण श्री अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, श्री सागर मण्डावी, श्री वेदप्रकाश ध्रुव, श्री अशोक कुमार ध्रुव, श्री कृष्णकुमार सिन्हा, श्री अब्बास मेमन उपस्थित रहे ।



# हिन्दी दिवस

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 14.09.2020 को हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री राजकुमार राठौर के निर्देशन एवं प्रो.आर.आर. मेहरा सांस्कृतिक प्रभारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में आनलाईन देशभक्ति गीत तथा हिन्दी हमारी पहचान हमारा गर्व/साहित्य समाज का आधार विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किय गया । जिसमें गीत प्रतियोगिता में प्रथम पारस कुमार साहू, पीजीडीसीए द्वितीय उर्वशी साहू बीएस–सी अंतिम तृतीय दीपक नागर्ची एमए इतिहास स्थान प्राप्त किया । भाषण प्रतियोतिगता में प्रथम विकास शांडिल्य एमए समाजशास्त्र, द्वितीय दीपेश निषाद बीए भाग–2, तृतीय जगदीश सिन्हा बीए भाग–2 स्थान प्राप्त किया ।

# विश्व खाद्य दिवस

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 16 अक्टुबर 2020 को विश्व खाद्य दिवस के अवसर प्रभारी प्राचार्य श्री राजकुमार राठौर के निर्देशन एवं प्रो. आर.आर.मेहरा सांस्कृतिक प्रभारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में आनलाईन निबंध प्रतियोगिता विषय– वर्तमान परिदृश्य में खाद्य सुरक्षा एवं उपभोक्ता अधिकारो के प्रति नागरिकों की जागरुकता तथा खाद्य सुरक्षा एवं उपभोक्ता अधिकारों को प्रेरित करने संबंधी विषय पर आनलाईल स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किय गया । स्लोगन में प्रथम नेहा राजन, बीएस–सी अंतिम द्वितीय उर्वशी साहू बीएस–सी अंतिम तृतीय जगदीश सिन्हा बीए द्वितीय स्थान प्राप्त किया । निबंध प्रतियोतिगता में प्रथम आकाश खंडेलवाल, बीकाम अंतिम द्वितीय शैबा बानो बीएस–सी अंतिम, तृतीय विकास शांडिल्य एमए स्थान प्राप्त किया ।



## :: राष्ट्रीय एकता दिवस ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 31 अक्टुबर 2020 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर प्रभारी प्राचार्य श्री राजकुमार राठौर के निर्देशन एवं प्रो. आर.आर.मेहरा सांस्कृतिक प्रभारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत राष्ट्रीय एकता पर शपथ ग्रहण किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण प्रो. जयेश करंजगांवकर, प्रो.राजाराम मेहरा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, कर्मचारीगण श्री अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, श्री सागर मण्डावी, श्री वेदप्रकाश ध्रुव, श्री अशोक कुमार ध्रुव, श्री कृष्णकुमार सिन्हा, श्री अब्बास मेमन उपस्थित रहे ।









## :: संविधान दिवस के अवसर पर शपथग्रहण ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 26.11.2020 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य राजकुमार राठार के निर्देशन में महाविद्यालय में शपथग्रहण किया गया प्राध्यापक प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो. जयेश करंजगांवकर, प्रो.एस.आर.दर्रो एवं कर्मचारीगण श्री अविरल तिवारी, श्री सागर मंडावी, श्री वेदप्रकाश साहू, सुश्री सीता नेताम, श्री अशोक ध्रुव, श्री कृष्णकुमार सिन्हा ने कार्यक्रम अपनी सहभागिता प्रदान की ।






## :: पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीद आरक्षक श्री अमजद खान को श्रद्धांजलि ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 21.10.2020 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर देशप्रेम की भावना जागृत करने एवं पुलिस सेवा से जुड़ने हेतु प्रेरित करने महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं जिला पुलिस बल सुकमा में पदस्थ रहे शहीद आरक्षक श्री अमजद खान की शहादत को याद करते हुए अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पुलिस परिवार एवं शहीद परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई । कार्यक्रम में राजकुमार राठौर, प्रभारी प्राचार्य, प्रो.जयेश करंजगांवकर प्रो.राजाराम मेहरा, रासेयो प्रभारी, प्रो.एस. आर.दर्रो, अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, सागर मंडावी, वेदप्रकाश साहू, अशोक कुमार ध्रुव, कृष्णकुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे ।





## :: एक दिवसीय नेशनला वेबिनार ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (नेशनल इन्वेसटमेंट इन सिक्योरिटी मार्केट) के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय शिक्षा एक जागरुकता विषय पर एक दिवसीय नेशनल वेबीनार का आयोजन किया गया । वेबीनार के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर ने वेबिनार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की बैंकिग प्रणाली के युग में प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिग एवं निवेश के नवीनतम पहलुओं को जानना आवश्यक है ।

वेबीनार के मुख्य वक्ता जफरुद्धीन फाइनेंशियन एजुकेशन ट्रेनर एवं रिसोर्स पर्सन ऑफ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने अपने व्याख्यान में बैंकिग प्रणाली की बचत एवं निवेश के विभिन्न प्रकारों पर विस्तृत चर्चा की । बैंको में पब्लिक प्रोविडेंट फंड, फिक्स डिपाजिट प्लान, रिकरिंग डिपॉजिट प्लान, सुकन्या समृद्धि जमा योजना एवं स्टॉक एक्सचेंज में शेयर मार्केटिंग सहित विभिन्न विकल्पों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी । उन्होनें बताया कि आम जनों के लिये पब्लिक प्रोविडेंट फंड प्लान एवं शेयर मार्केट में निवेश दीर्घकाल में लाभदायक है । वही, छात्राओं के लिये सुकन्या समृद्धि जमा योजना एवं रिकरिंग डिपॉजिट प्लान को बचत का बेहतर विकल्प बताया । इसी के साथ उन्होने आम जनता को टैक्स पटाने के लिये भी प्रेरित किया तथा वर्तमान में हो रहे नेट बैंकिग से संबंधित फ्रॉड से बचने हेतु जानकारी भी दी । प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर ने छात्राओं के बैंकिग प्रणाली संबंधी सवालों का सहजतापूर्वक समाधान किया ।

## NATIONAL WEBINAR

## INVITATION FOR UG,PG & ALL STUDENTS GROUPS

*Financial Education Awareness Webinar by Bombay Stock Exchange (BSE)*

***ORGANIZED BY***

***GOVT. SUKHRAM NAGE COLLEGE NAGRI , DIST. DHAMTARI (C.G.)***

**BY GOOGLE MEET**

**SATURDAY – 12th DECEMBER - 2020 at 11.30.AM – 12.30.PM**



**PROF. R.K. RATHORE**
PRINCIPAL & PATRON
GOVT. SUKHRAM NAGE COLLEGE
NAGRI DIST. DHAMTARI



**MANOJ KUMAR SHARMA**
CONVENOR & ASSIST. PROF. COMMERCE
GOVT. SUKHRAM NAGE COLLEGE
NAGRI DIST. DHAMTARI



KEY SPEAKER
Mr.Jafruddin
Financial Education Trainer by
NISM & Resource Person
Bombay Stock Exchange (BSE)



KEY SPEAKER
Smt. Gayatri Joshi
Financial Education Trainer by
NISM & Resource Person
Bombay Stock Exchange (BSE)

# विश्व एड्स दिवस पर आनलाईन प्रतियोगिता

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 01 दिसंबर 2020 को विश्व एड्स दिवस के अवसर प्रभारी प्राचार्य श्री राजकुमार राठौर के निर्देशन एवं प्रो.आर.आर.मेहरा रासेयो तथा रेडरिबन सोसायटी प्रभारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में आनलाईन निबंध प्रतियोगिता विषय– एड्स जागरुकता ही बचाव पर आनलाईल निबंध, नारा प्रतियोगिता आयोजित किया गया । निबंध में प्रथम टिकेश्वर कुमार एमए इतिहास, द्वितीय–सचिन कुमार एमए इतिहास तृतीय–ममता साहू बीए भाग–1 स्थान प्राप्त किया । नारा लेखन प्रतियोतिगता में प्रथम–गजेन्द्र कुमार खिलाड़ी एमए राजनीति विज्ञान, द्वितीय–पूर्णेन्द्र कुमार खत्री बीए भाग–2, तृतीय–टिकेश्वर कुमार एमए इतिहास स्थान प्राप्त किया ।

# राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री राजकुमार राठौर के निर्देशन एवं प्रो.आर.आर.मेहरा रेड रिबन/रासेयो प्रभारी के मार्गदर्शन में कोविड–19 के निर्देशों का पालन करते हुए पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुआ । रासेयो प्रभारी प्रो.आर.आर.मेहरा द्वारा युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद विचारों से अवगत कराया । वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.मनोज कुमार शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर अपने विचार रखें । संस्था प्रमुख प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर के द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों का आज के समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला । रेड रिबन/रासेयो के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया ।



## :: संविधान दिवस के अवसर पर शपथग्रहण ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 21.1.2021 को प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर के निर्देशन में भूतपूर्व छात्र अधिवेशन (एलुमनी एसोसियेशन) की बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र श्री प्रदीप जैन, श्री हृदयलाल साहू, श्री सुरेश साह, सुश्री चंद्रकुमारी नवरंगे, श्री तोमल साहू, श्री डिगेन्द्र किरण, कु. भाग्यश्री, श्री कमलनाथ, कु. अंजु साहू, कु.अंगिरा, कु.रेणुका, कु.आरती देवांगन, कु.रश्मि निषाद, कु. भूपेश्वरी साहू, कु.शशिकला पटेल, कु.नेहा चनाप, रिषि कुमार, जितेन्द्र कुमार, विंकल साहू, पंकज साहू, शुभम साहू, टेकांत सोनी, देवराज साहू उपस्थित रहें । महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो.जयेश करंजगांवकर, प्रो. राजाराम मेहरा एवं कर्मचारीगण श्री अविरल तिवारी, श्री सागर मंडावी, श्री वेदप्रकाश साहू, श्री अशोक ध्रुव, श्री कृष्णकुमार सिन्हा ने कार्यक्रम अपनी सहभागिता प्रदान की ।

:: **राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन** ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 25.1.2021 को **राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर** महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजकुमार राठौर के निर्देशन में एवं निर्वाचक साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा के मार्गदर्शन में उपस्थित छात्र–छात्रा एवं कर्मचारियों राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई । नये मतदाता छात्र–छात्राओं को को रंगीन फोटो परिचय पत्र की जानकारी प्रदान की गई तथा प्रचार–प्रसार किया गया । साथ ही मतदान हेतु शपथग्रहण किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक मनोज कुमार शर्मा द्वारा लोकतंत्र में मतदान व्यवहार पर चर्चा की गई । कार्यक्रम में नये मतदाता छात्र–छात्रा उपस्थित थे ।



:: नैक पियर टीम ने शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी का किया निरीक्षण ::

खास बातें –

01. नैक पियर टीम ने दूरस्थ आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं कार्यों को सराहा एवं प्रशंसा की ।

02. छात्र–छात्राओं ने छत्तीसगढ़ आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलोर की पियर टीम ने हाल ही में धमतरी जिले के दूरस्थ आदिवासी अंचल में स्थित शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी सिहावा का निरीक्षण किया । इस दो दिवसीय निरीक्षण के लिये महाविद्यालय के प्रवास हेतु आई नैक पियर टीम में जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), उ. प्र. के कुलपति डॉ.हरिमोहन (चेयरपर्सन), होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान अणुशक्ति नगर मुंबई के कुलसचिव डॉ.बी चंद्रशेखर (सदस्य समन्वयक) एवं प्रफुल्ल चंद महाविद्यालय कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के प्राचार्य डॉ.रत्नाकर पाणि (सदस्य) के रुप में शामिल थे । महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया के अंतर्गत टीम ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं महाविद्यालय की अधोसरंचना एवं छात्र–छात्राओं हेतु उपलब्ध भौतिक सुविधाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया । नैक पियर टीम के सदस्यों के दो दिवसीय प्रवास के दौरान प्रथम दिवस प्रातः आगमन पर महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.के.राठौर, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो.मनोज कुमार शर्मा एवं नैक संयोजक प्रो.जयेश करंजगांवकर सहित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने गुलदस्ते भेंटकर आगवानी की । सरस्वती पूजन के उपरांत पियर टीम के सदस्यों ने सर्वप्रथम प्राचार्य कक्ष में प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.के. राठौर द्वारा प्रस्तुत महाविद्यालय की समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों पर आधारित पावर पाईट प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति देखी । इसके पश्चात् सभी विभागाध्यक्षों एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की उपलब्धियों एवं कार्यो के बारे में जानकारी ली तथा समस्त विभागों, लाईब्रेरी, प्रयोगशाला का भ्रमण कर अवलोकन किया । दोपहर भोजनावकाश कार्यक्रम में नैक पियर टीम के चेयरपर्सन एवं सदस्यों ने महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सम्माननीय सदस्यों तथा विशेष रुप से महाविद्यालय में पधारे पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सम्माननीय कुलपति महोदय डॉ.के. एल.वर्मा तथा शासन प्रतिनिधि के रुप में उपस्थित डॉ.अमिताभ बैनर्जी से सौहाद्रपूर्ण वातावरण में चर्चा एवं विचार–विमर्श किया । भोजनावकाश के पश्चात नैक पियर टीम

के सदस्यों ने महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों के एलुमनी संगठन, अध्ययनरत छात्र–छात्राओं, पालकों एवं स्वसहायता समूह के महिला प्रतिनिधियों एवं महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सदस्यगणों से भी औपचारिक चर्चा की एवं महाविद्यालय के प्रति उनके दृष्टिकोण एवं अनुभवों पर चर्चा की । पियर टीम के आगमन पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या के अंतर्गत कॉलेज छात्र–छात्राओं ने छत्तीसगढ़ आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसकी सराहना सभी सदस्यों एवं उपस्थित दर्शको ने की । प्रवास के द्वितीय दिवस नैक पियर टीम के सदस्यों ने अन्य शेष निरीक्षण एवं औपचारिक चर्चा व प्रतिवेदन पूर्ण करने का कार्य संपन्न किया । अंत में एक्जिट मीटिंग में नैक पियर टीम के सम्माननीय चेयरमैन जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद फिरोजाबाद, उ.प्र. के कुलपति डॉ.हरिमोहन ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय द्वारा दूरस्थ आदिवासी अंचल में स्थित महाविद्यालय एवं अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के द्वारा ग्रामीण आदिवासी अंचल में रह रहे स्थानीय जनसमुदाय से जुडकर किये गये सामाजिक कार्यों एवं प्रयासों की सराहना की एवं विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की । प्राचार्य प्रो.आर.के.राठौर एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो.मनोज कुमार शर्मा ने महाविद्यालय में आये नैक पियर टीम के सम्माननीय सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया । इसके पश्चात् महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सभी सदस्यों को औपचारिक विदाई दी गई ।







## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का आयोजन

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई तथा रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में प्रभारी प्राचार्य श्री आर.के. राठौर के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो.आर.आर.मेहरा के संयोजन में **विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया** । पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण निर्माण हेतु अधिकारी/कर्मचारियों तथा वालंटियर्स द्वारा छायादार एवं फलदार जैस आम, जाम, अमरुद तथा आक्सीजन प्रदान करने पीपल का पौधारोपण किया गया । महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो. जयेश करंजगांवकर, प्रो.संतूराम दर्रो, कर्मचारीगण डॉ.अंबा शुक्ला, श्री मिर्जा मुस्ताक बेग, श्री अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, श्री सागर मण्डावी, श्री अशोक कुमार ध्रुव, श्री अब्बास मेमन उपस्थित रहे ।

## :: अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 08.03.2021 को रासेयो एवं रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में तथा प्रो.राजाराम मेहरा कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में श्रीमती दुर्गेशनंदनी साहू स्वसहायता समूह छिपली के द्वारा छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया । जिसमें उन्होने अपने जीवन के संघर्ष को साझा किया । प्रो.राजाराम मेहरा ने महिला सषक्तिकरण पर अपना वक्तव्य रखा । डॉ.अंबा शुक्ला द्वारा महिला पुरुष समानता तथा डॉ.ममता सौरज द्वारा महिलाओं के विकास पर अपने विचार रखें । महिला सषक्तिकरण एवं अन्य गतिविधियों पर योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर के मार्गदर्शन में हुआ ।